







## एक नजर में

### विधिक ज्ञान की परिपक्वता के लिए सतत अध्ययनशीलता और नवीन न्याय उद्धरणों के प्रति जागरूकता जरूरी

**मंदसौर।** कनिष्ठ अधिवक्ताओं के लिये विधिक ज्ञान परिचर्चा का आयोजन किया गया। अभिभाशक संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता प्रकाश रातड़िया ने कहा कि विधिक ज्ञान की परिपक्वता के लिये सतत अध्ययनशीलता व नवीन न्याय उद्धरणों के प्रति जागरूकता जरूरी है। आपने कहा कि विधि क्षेत्र में नीत नये सिद्धांत प्रतिपादित होते है। प्रावधानों का विधायन होता है। परम्परागत विधि सिद्धांत, संसद व र ाज्य विधान मण्डलों द्वारा विधायक किए गए कानूनों के अतिरित सर्वोच्च न्यायालय व उच्च न्यायालयों द्वारा प्रतिपादित न्याय सिद्धांत विधि स्वरूप में सामने आते है इसलिये न्यायाधीशों व अधिवक्ताओं के लिये निरंतर जागरूकता की आवश्यकता है। आपने कहा कि संविधान में नागरिकों को दिए गए अधिकारों की सार्थकता में न्यायपालिका की भूमिका महत्वपूर्ण हैं विधि साहित्य इंटरनेट प्रसारण व कृत्रिम बुद्धिमता के युग में भी मानवीय चेतना की भूमिका महत्वपूर्ण है। श्री जवारलाल नेहरू विधि महाविद्यालय के व्याख्याता सुनील बड़ोदिया ने कहा कि अभिभाषकों को दक्षता के लिये ज्ञान और अनुभव दोनों आवश्यक है। सफलता का आधार परिश्रम ही होता है। एडवोकेट मोहम्मद गजनफर खान, विधि विद्यार्थी शुभम जैन ने विचार व्यक्त किये। एडवोकेट विनोद शर्मा ने वर्तमान विधिक प्रक्रिया में अभिभाषकों की भूमिका का उल्लेख किया। संचालन रमेश ब्रिजवानी ने एवं आभार प्रदर्शन धर्मेन्द्र चौहान ने किया।

### समाजसेवी गौड़ बने पंछी बचाओ अभियान संस्था के दलौदा तहसील अध्यक्ष

**मंदसौर।** जीव-दया और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में प्रदेश कि सबसे बड़ी संस्था पंछी बचाओ अभियान के प्रदेश व जिला नेतृत्व द्वारा कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए समाजसेवी कुलदीप सिंह गौड़ को दलौदा तहसील अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया। उनकी नियुक्ति पर संगठन के पदाधिकारियों ने विश्वास जताया है कि गौड़ के नेतृत्व में तहसील क्षेत्र में पक्षियों के संरक्षण हेतु विशेष जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। विशेषकर आगामी ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए जगह-जगह सकोरे बांधने और दाना-पानी की व्यवस्था करने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर गौड़ ने संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बेजुबान पक्षियों की सेवा करना ही मेरा मुख्य लक्ष्य रहेगा, और जल्द ही तहसील स्तर पर टीम गठित कर कार्य शुरू किया जाएगा। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र के मित्रों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई प्रेषित की है।

### गंभीर लापरवाही का आरोप, मृत गौवंश को घसीटने से आक्रोश

**पिपलियामण्डी।** जावरा-नयागांव टोल प्लाजा पर कथित लापरवाही का मामला सामने आया है, जिससे क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त हो गया। आरोप है कि सड़क दुर्घटना में एक गौवंश की मौत होने के बाद उसे वाहन के पीछे रस्सी से बांधकर घसीटते हुए ले जाया गया। इस घटना को लेकर विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल से जुड़े कार्यकर्ता नीलेश जैन ने विरोध जताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि टोल प्लाजा पर पर्याप्त संसाधन और कर्मचारी उपलब्ध होने के बावजूद मृत गौमाता को सम्मानपूर्वक उठाने के बजाय घसीटा गया, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। नीलेश जैन ने कहा कि गौवंश की मृत्यु के बाद भी इस प्रकार का व्यवहार समाज की धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला है।

### सामूहिक विवाह को लेकर गुर्जर समाज की बैठक

**पिपलियामण्डी।** गुर्जर समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति की पिपलियापंथ देवनारायण देवरे पर सम्पन्न हुई बैठक में आगामी सामूहिक विवाह सम्मेलन के आयोजन को लेकर चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 19 अप्रैल 2026 को आयोजित किया जाएगा। बैठक में सम्मेलन से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं एवं तैयारियों पर विचार-विमर्श किया गया। समिति द्वारा यह भी तय किया गया कि सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रत्येक जोड़े के लिए पंजीयन राशि गत वर्षानुसार 17,500 रुपये वर पक्ष एवं 17,500 रुपये वधु पक्ष निर्धारित की गई है।

## तीन दिवसीय राष्ट्रीय एकता नाहर सैयद मेला शुरू




**मंदसौर।** तीन दिवसीय राष्ट्रीय एकता मेला का शनिवार की रात्रि को शुभारंभ हुआ। नपा परिषद मंदसौर के द्वारा आयोजित इस तीन दिवसीय मेले के शुभारंभ अवसर पर हिन्दू मुस्लिम कौमी एकता की प्रतीक हजरत नाहर सैयद की दरगाह पर चादर पेश की गयी। नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, मेला समिति सभापति बब्बन युसूफ गौरी एवं कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने चादर पेश करने के समय मंदसौर एवं भारत की उन्नति एवं विश्व में शांति सद्भाव कायम रहे इसके लिये दुआ (प्रार्थना) की।

हजरत नाहर सैयद की दरगाह परिसर में इसके बाद अतिथियों का स्वागत एवं उद्बोधन कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री वकील उद्दीन मियाजी सरकार ने कहा कि तीन दिवसीय राष्ट्रीय एकता मेला हिन्दू मुस्लिम एकता की पहचान है तथा परिषद कई वर्षों से यहाँ जो मेला लगा रही है वह सराहनीय है।

भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ जिला संयोजक मदनलाल राठौर ने कहा कि यह दरगाह सिद्ध स्थान है यहाँ से पूरे देश में शांति भाईचारे का संदेश देने के लिये नपा परिषद जो मेला लगाती है उसके लिये मैं पूरी परिषद को धन्यवाद देता हूं।

स्वागत उद्बोधन देते हुए नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि निसंतान दम्पत्ति यहाँ सच्चे मन से दुआ करते है तो उनकी मुराद (मनोकामना) पूरी होती है नाहर सैयद बाबा का उर्स जो कई सालों से हम मना रहे है वह होली के दिन होता है हिन्दू तिथि से मुस्लिम संत का उर्स मनाया जाना हमारी हिन्दू मुस्लिम भाईचारे को मजबूत बनाये रखने का संदेश देता है। हर वर्ष हम तीन दिवसीय मेला में देश के ख्यातिप्राप्त कव्वालों को बुला रहे है। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में इलियास बाबा (गुमनामी), भाजपा नेता हाजी गुलाम नबी शेख, शाकीर हुसैन गढ़वी मुबारिक उस्ताद, अय्युब निलगर, खलील निलगर, हाजी महमूद दिपालिया, अफजल शाह, राजाराम तंवर, फिरोज मेव अचेरी भी मंचासीन थे। इन सभी का स्वागत नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर, मेला सभापति बब्बन गौरी, मेला समिति सदस्य आशीष गौड़, खेरून बी पटेल, मंजू मालवीय, रफत पयामी, भाजपा नेता शेहजाद पटेल, युसूफ गौरी, राजेश गुर्जर, मेला अधिकारी पी.एस. धारवे, मेला लिपिक राजेंद्र नीमा ने पुष्पहार पहनाकर किया।

मेला शुभारंभ के बाद मुकर्रम वारसी भोपाल एवं परवेज आसिफ मंदसौर ने सूफियाना कव्वाली पेश की जिसे सभी ने सराहा। संचालन धर्मेन्द्र सोनगरा ने किया।

आज महफिल कव्वाली का कार्यक्रम होगा - आज दिनांक 2 मार्च सोमवार की रात्रि 9 बजे नाहर सैयद मेला ग्राउण्ड में महफिले कव्वाली का कार्यक्रम होगा जिसमें साकिब अली साबरी फैजाबाद (उ.प्र.) एवं शीबा परवीन (कानपुर उ.प्र.) कव्वाली की प्रस्तुति देंगी।

## पदाधिकारियों ने संभाली जिम्मेदारी

**मंदसौर।** जीव दया और पक्षी संरक्षण के संकल्प के साथ 'पंछी बचाओ अभियान संस्था' द्वारा स्थानीय नगरपालिका सभागृह में एक गरिमामयी पदभार ग्रहण एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संस्था के नवीन सदस्यों को उनके दायित्व सौंपे गए और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के चित्र पर माल्यार्पण और विधि-विधान से पूजन के साथ हुआ। इस अवसर पर संस्था के प्रति समर्पित भाव से जुड़ने वाले समस्त नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर आधिकारिक जिम्मेदारी सौंपी गई। शील्ड देकर उनकी सेवा भावना का सम्मान किया गया। पक्षियों के जल पात्र (सकोरे) वितरित किए गए, ताकि भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए दाना-पानी का प्रबंध सुनिश्चित किया जा सके।

### मंच पर उपस्थित गणमान्य अतिथि

समारोह में शहर की प्रमुख हस्तियों और समाजसेवियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों में शामिल रहे: अनिल कियावत जिला अध्यक्ष पंछी बचाओ अभियान, विनय दुबेला जिला उपाध्यक्ष भाजपा, नाहरू भाई समाजसेवी, युवा नेता भानुप्रताप सिंह सिसोदिया, कपिल भंडारी भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ जिला सयोजक मंदसौर, महेश जूनवाल जिला महामंत्री भाजपा, गुरुदेव पंडित विष्णु जी शर्मा, युवा समाजसेवी उत्सव जैन, युवा समाजसेवी पुलकित पटवा, खाटूश्याम मंदिर ट्रस्टी नरेंद्रसिंह चौहान के आतिथ्य में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। अतिथियों ने अपने संबोधन में संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि मूक पक्षियों की सेवा ही सच्ची मानवता है। जिला अध्यक्ष अनिल कियावत ने सभी नए सदस्यों को बधाई देते हुए आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में पक्षियों के लिए जल पात्र लगाने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।



## इनरव्हील क्लब ने भेंट की दानदाता के सहयोग से स्कूल को चेयर

**मंदसौर। समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय इनरव्हील क्लब के तत्वावधान में स्थानीय शासकीय माध्यमिक विद्यालय चम्बल कालोनी में चेयर (कुर्सियां) भेंट की गई।**

क्लब अध्यक्ष हेमा हिंगड़ ने बताया दानदाता पूर्व अध्यक्ष श्रीमती आभा त्रिवेदी द्वारा पोत्री स्वर्गीय लक्ष्मिता की स्मृति में स्कूल के विद्यार्थियों की सुविधा के लिए आवश्यक चेयर प्रदान की गई।

प्रोग्राम में मुख्य अतिथि कथा प्रवक्ता पं. दशरथ भाई जी ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं का होना अत्यंत आवश्यक है।

अध्यक्ष हेमा हिंगड़ ने कहा विद्यालय में बैठने की समुचित व्यवस्था होने से बच्चों को पढ़ाई में अधिक एकाग्रता मिलती है और उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने इस सहयोग के लिए दानदाता एवं इनरव्हील क्लब का आभार व्यक्त किया। क्लब द्वारा समय-समय पर शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सेवा से जुड़े विभिन्न प्रकल्प आयोजित किए जाते हैं, जिससे समाज के जरूरतमंद वर्ग को लाभ मिल सके।

**एक नजर** | बच्चों करते हैं हर रविवार को चेत्यवंदन, अष्टप्रकारी पूजन, शांति कलश आदि क्रियाएं

## भगवान अजीतनाथ जैन मंदिर पर सामूहिक स्नात्र पूजन का आयोजन



**मंदसौर। श्री सौधर्म बृहत्तपोगच्छीय त्रिस्तुतिक जैन श्वेताम्बर संघ एवं स्नात्र मंडल के तत्वावधान में प्रति रविवार लाभार्थी परिवार के सहयोग से स्नात्र पूजन का आयोजन नगर के प्रसिद्ध जैन मंदिर भगवान श्री अजीतनाथ मंदिर जनकुपूरा मंदसौर में किया जाता है।**

स्नात्र पूजन के संचालनकर्ता महेन्द्र छिंगावत ने बताया कि भगवान श्री अजीत नाथ मंदिर जनकुपूरा में प्रति रविवार को स्नात्र पूजन किया जाता है। जिसमें बच्चों द्वारा स्नात्र पूजन की विधि चेत्यवंदन, अष्टप्रकारी पूजन, शांतिकलश आदि क्रियाएं संपन्न करवाई जाती है। इसमें प्रति रविवार को समाज के बच्चों के द्वारा स्नात्र पूजन का आयोजन संपन्न करवाया जाता है। इस रविवार 1 मार्च 2026 को पूजन का लाभ बलवंत सिंह, विजयेंद्र फांफरिया परिवार ने लिया आज पूजन में 31 बच्चों ने भाग लिया। जिसमें मोक्षित फांफरिया, जिनय फांफरिया, प्राविश हिंगड, शुभ पोरवाल, दर्श डांगी, मनन डांगी, रिदम नाहटा, जयम नाहटा, विवान सुराणा, आदेश सालेचा, नक्ष चपरोत, तन्मय लोढा, हार्दिक डोसी, पर्व जैन, देवांशी फाफरिया, ग्रीशा फाफरिया, सिद्धि लोढ़ा, डिंपल जैन, अनुष्का जैन, ईशानी नाहटा, प्रिशा तलेरा, अविका सालेचा, दिया कर्णावट, दृष्टि कर्णावट, परी दुग्गड, प्रिशा खिंदावत, निष्ठा हिंगड़, भावना जैन, खुशी जैन सहित श्री संघ के महानुभाव एवं बच्चे उपस्थित थे लाभार्थी परिवार एवं सभी बच्चों की खूब-खूब अनुमोदना की।

इस अवसर पर स्नात्र मंडल के सदस्य महेन्द्र छिंगावत, शिल्पेश नाहटा, अमित हिंगड़, अजय छिंगावत एवं शिक्षिका शंकुतला सोनगरा सहित लाभार्थी परिवार के पारसमल फांफरिया, बलवंत फांफरिया, सरोज फांफरिया, लोकेन्द्र फांफरिया, रश्मि फांफरिया, रिषभ फांफरिया, विजयेन्द्र फांफरिया, विशाखा फांफरिया आदि उपस्थित थे।

# नीमच

## एक नजर में

### राष्ट्रीय संघर्ष समिति नीमच की तहसील स्तरीय बैठक आयोजित



**नीमच।** राष्ट्रीय संघर्ष समिति ई.पी.एस 95 जिला नीमच एवं सहकारी बैंक पेंशनर संघ कि संयुक्त बैठक जनपद कार्यालय नीमच में आयोजित की गई, जिसमें मुख्य रूप से ई.एफ.ओ कार्यालय उज्जैन से आए मोहित कुमार यादव से राष्ट्रीय संघर्ष समिति जिला अध्यक्ष डॉ बृजेंद्र प्रसाद शर्मा, पेंशनर संघ अध्यक्ष संभाजी राव जाधव के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल मिला और चर्चा कर पेंशन कार्य में आ रही बाधाओं के संबंध में चर्चा की। इसके उपरांत नीमच तहसील की बैठक आयोजित की गई। जिसमें सभी उपस्थित पेंशनर साथियों ने यह निर्णय लिया की आगामी 9 से 11 मार्च को दिल्ली जंतर-मंतर पर आयोजित सामूहिक आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेंगे तथा अपनी मांगों की पूर्ति के लिए राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशन में सहयोग देंगे। इस बैठक में घीसालाल सुराह, एस पी नागर, मांगीलाल परिहार, लक्ष्मीनारायण मीणा, कन्हैयालाल मोनिया, भंवर लाल सागर, गोपीचंद पंवार आदि साथी उपस्थित थे। अंत में आभार प्रदर्शन डां बृजेंद्र प्रसाद शर्मा ने किया। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी इलियास कुरैशी ने दी।

### मोबाइल पर बात करते समय बाइक में लगी आग पंप कर्मियों की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा




**नीमच।** जिले के जीरन थाना क्षेत्र अंतर्गत चीताखेड़ा स्थित भारत पेट्रोल पंप पर शनिवार शाम एक बड़ा हादसा टल गया। पेट्रोल भरवाते समय मोबाइल फोन पर बात कर रहे एक युवक की बाइक में अचानक आग लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक बाइक में पेट्रोल डलवा रहा था, तभी उसके मोबाइल फोन से उत्पन्न तरंग या स्पार्क के कारण अचानक बाइक के पेट्रोल टैंक के पास आग भड़क उठी। आग लगते ही पंप परिसर में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि मौके पर मौजूद पंप कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत फायर एक्सटिंग्विशर की मदद लेना चाही परन्तु उससे पहले ही कर्मचारियो ने आग पर काबू पा लिया। उनकी सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई से आग फैलने से पहले ही बुझा दी गई, जिससे एक बड़ा हादसा होने से बच गया। घटना के बाद पेट्रोल पंप संचालकों ने ग्राहकों से अपील की है कि पेट्रोल भरवाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करें और सुरक्षा नियमों का पालन करें, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

## विकास की गाड़ी कीचड़ में फंसी 3 किमी सड़क फाइलों में

▶ 30 कदम सीसी रोड भी नहीं, जिम्मेदार अधिकारी बेपरवाह





**नीमच।** जावद तहसील अंतर्गत ग्राम दड़ौली में विकास के दावे उस समय बौने नजर आते हैं, जब दड़ौली-अंबामाता मार्ग के मुड़ाव पर सड़क की जमीनी हकीकत सामने आती है। गहरे गड्ढे, कीचड़ और बदहाल रास्ता यहां के ग्रामीणों व राहगीरों की रोजमर्रा की मुसीबत बन चुका है। हालात ऐसे हैं कि यह मार्ग सड़क कम और दलदल ज्यादा नजर आता है, जिससे फिसलन और दुर्घटना का खतरा हर वक्त बना रहता है।

**जिम्मेदार बेपरवाह, ग्रामीण परेशान** -ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से दड़ौली- अंबामाता मार्ग के इस मोड़ की हालत खराब है, लेकिन पंचायत स्तर पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। सड़क धंसी हुई है, पानी भरने से कीचड़ फैला रहता है और हर गुजरने वाला व्यक्ति जोखिम उठाकर निकलता है।

**अंबामाता सड़क अधर में** - मध्यप्रदेश शासन द्वारा दड़ौली से अंबामाता तक लगभग 3 किलोमीटर सड़क निर्माण का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ था और भूमिपूजन भी करीब 4 वर्ष पूर्व हो चुका है, लेकिन आज तक जमीनी स्तर पर निर्माण शुरू नहीं हुआ। इससे क्षेत्रवासियों में नाराजगी है। इस पूरे मामले में दड़ौली पंचायत सचिव जगदीश धाकड़ से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया।

### सड़क-नाली दोनों नदारद, बढ़ता आक्रोश


दड़ौली- अंबामाता मार्ग पर बसे घरों के सामने न तो सीसी रोड है और न ही नाली व्यवस्था। पानी निकासी न होने से रास्ता दलदल बन जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार पंचायत को अवगत कराने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं हुई, जिससे आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

### ग्रामीण बोले- पंचायत घरों तक बना सकती है रोड

ग्रामीणों का आरोप है कि दड़ौली से अंबामाता तक प्रस्तावित लगभग 3 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य शासन स्तर पर अटका हुआ हो, लेकिन उसी मार्ग पर बसे ग्रामीणों के घरों तक पंचायत द्वारा सीसी रोड तो बनाया जा सकता था। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर बसे रहवासियों को पंचातय के जिम्मेदारो द्वारा पूरी तरह नजरअंदाज किया गया। इससे बरसात या पानी भरते ही घरों तक पहुंचना भी मुश्किल हो जाता है और पूरा रास्ता कीचड़ में बदल जाता है।

## नपा सीएमओ ने छोटी-छोटी गलियों सहित विभिन्न क्षेत्रों में जाकर देखी सफाई व्यवस्था

▶ स्वच्छता का शनिवार -सड़क पर बंधे पशुओं को मौके पर पकड़वाया



**नीमच।** कलेक्टर द्वारा घोषित स्वच्छता का शनिवार अभियान के तहत नगर पालिका परिषद नीमच की मुख्य नगर पालिका अधिकारी दुर्गा बामनिया ने शनिवार को शहर की छोटी-छोटी गलियों सहित विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और कार्य के समय इधर-उधर घूम रहे कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए अपने-अपने क्षेत्र की सफाई व्यवस्था की ओर ध्यान देने के निर्देश दिए, साथ ही निरीक्षण के दौरान बामनिया ने वात्सल्य भवन के बाहर विद्युत डीपी के पास पशु बंधे पाए जाने और वहां भारी गंदगी को देख तुरंत पशु वाहन मंगवाकर पशुओं को वाहन में भरवा कर गौशाला भिजवाया व पशु मालिक को भविष्य में वहां पशु न बाँधने की हिदायत दी।

विदित हो कि करीब एक माह पहले जिला कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा जिले की सभी निकायों के अधिकारियों को प्रति शनिवार अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर स्वच्छता व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए थे! उसी निर्देश के तहत श्रीमती बामनिया द्वारा निरंतर शनिवार के साथ ही अन्य दिनों में भी शहर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था को सूद्रण बनाया जा रहा है।

बामनिया ने वीर पार्क रोड, जैन भवन रोड, मिडिल स्कूल रोड, महेश्वरी भवन के पीछे वाले रोड, सिंधी कॉलोनी, लायंस पार्क चौराहा, वातसल्य भवन रोड, दशहरा मैदान आदि क्षेत्रों में पहुंचकर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया, इस दौरान श्रीमती बामनिया ने वीरपार्क रोड से बगला क्षेत्र में जाने वाली छोटी-छोटी गलियों, बंगला नंबर 38 आदि में भी जाकर सफाई व्यवस्था देखी और गंदगी पाए जाने पर स्वच्छता पर्यवेक्षक व स्वच्छता जनसेवकों को नालियों व सड़क की नियमित रूप से सफाई करने तथा समय पर कचरा उठाने के निर्देश दिए! वात्सल्य भवन के बाहर सड़क पर दो पशु बंधे हुए पाए जाने पर मौके पर पशु वाहन मंगवा कर दोनों पशुओं को पशु वाहन द्वारा गौशाला भिजवाया एवं स्वच्छता टीम बुलवाकर नाले की सफाई भी प्रारंभ करवाई।

निरीक्षण के दौरान एक सफाई कर्मी को अपना क्षेत्र छोड़कर अन्य क्षेत्र में घूमता पाए जाने पर उन्हें अपने ही क्षेत्र में काम करने की हिदायत दी! श्रीमती बामनिया ने निरीक्षण के दौरान अनेक जगह सड़क पर मकान का वेस्ट मटेरियल (सी एन्ड डी) पाए जाने पर स्वास्थ्य अधिकारी व स्वच्छता निरीक्षकों को ट्रैक्टर ट्राली से उक्त सामग्री भरवा कर संबंधित के खिलाफ चालानी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।

**एक नजर** | पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 जिला कार्यशाला

## राष्ट्र विकास सर्वोपरि की नीति के कारण भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी



**नीमच।** भाजपा संगठन केवल चुनावी गतिविधियों तक सीमित नहीं है बल्कि यह राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ कार्य करने वाला विचार आधारित संगठन है। संगठन के निरंतर प्रशिक्षण, अनुशासन और कार्यकर्ताओं के निष्ठा का परिणाम है कि आज भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बन गया है। यह बात भाजपा संभाग प्रभारी सुरेश आर्य ने कही। वे भारतीय जनता पार्टी जिला नीमच के तत्वाधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 के अंतर्गत भाजपा जिला कार्यालय तपोभूमि नीमच के सभागार में 28 फरवरी को दोपहर 12 बजे आयोजित जिला कार्यशाला में संभाग प्रभारी के रूप में बोल रहे थे। प्रशिक्षण को संगठन की मजबूती का आधार बताते हुए उन्होंने कहा कि मंडल से लेकर बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षित होना आवश्यक है ताकि वे विचारधारा एवं सरकार की उपलब्धियां को प्रभावी रूप से जन-जन तक पहुंचा सके। प्रशिक्षण के माध्यम से नई और पुरानी पीढ़ी के बीच वैचारिक सम्मान एवं अनुभवों का आदान-प्रदान होता है जिससे संगठन की कार्य पद्धति और अधिक मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि हमारा दल व्यक्ति नेता आधारित नहीं है। विचारधारा की पार्टी होने के कारण आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। उद्बोधन के मध्य उन्होंने संगठन की कार्य पद्धति, टीम भावना, संवाद, कौशल सामाजिक सरोकारों में सक्रिय भागीदारी पर विशेष बल दिया। अंत में उन्होंने कार्यकर्ताओं से संकल्प दिलाया कि वे संगठन विस्तार, लाभार्थी संपर्क और समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचने के लक्ष्य के साथ निरंतर सक्रिय रहेंगे। कार्यकर्ता सोशल मीडिया में भी सक्रियता के साथ अपने आप को अपडेट करें। प्रशिक्षण में संस्कार श्रम वाला हो, सभी अनुशासन के साथ आगे बढ़े इस प्रकार के प्रयास हो। सत्र में मोबाइल का उपयोग बिलकुल नहीं हो, मीडिया में जानकारी प्रेषित करने के लिए एक कार्यकर्ता फोटो के लिए चयनित हो। कार्यक्रम में निर्धारित समय के अनुशासन का पालन सभी करें। प्रशिक्षण महा अभियान संभाग प्रभारी नानालाल अटोलिया ने पी पी टी पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कहा कि सक्षम योगी कार्यकर्ताओं का निर्माण करना प्रमुख लक्ष्य है, ताकि वह राष्ट्र के लिए कार्य कर सके। समाज के प्रति कर्तव्य सेवा का निर्माण करें यही संगठन का सेवा कार्य है। नकारात्मक क्या है इसे दूर करने का प्रयास करें और सकारात्मक के साथ निरंतर अग्रसर होने के लिए कार्य करें। आधुनिक तकनीक को कार्यकर्ता से जोड़ना आवश्यक है। पीपीटी के माध्यम से उन्होंने आगामी प्रशिक्षण शिविर बूथ स्तर मंडल स्तर जिला स्तर पर आयोजित होने वाली प्रशिक्षण कार्यशालाओं क बारे में विस्तृत से बताया।